# Daily Current Affairs

Date : 02 December, 2025

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | वुडन हैंडीक्राफ्ट कॉमन फैसिलिटी सेंटर : जोधपुर |
| 2. | विश्व एड्स दिवस : राज्यस्तरीय समारोह |
| 3. | 19वाँ कुंभलगढ़ महोत्सव : राजसमंद |
| 4. | स्वदेश दर्शन योजना – 2.0 के तहत् राजस्थान को ₹180 करोड़ |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. महर्षि वेदव्यास पुरस्कार : गुलाब कोठारी<br>2. SIR के तहत 100% डिजिटाइजेशन वाले राजस्थान के प्रथम 2 ज़िले |
| 6. | हॉर्नबिल महोत्सव |
| 7. | यूनेस्को कार्यकारी बोर्ड |
| 8. | भारत के परमाणु क्षेत्र में निजी क्षेत्र का प्रवेश |
| 9. | अनुसूचित जनजाति (ST) का दर्जा |
| 10. | विश्व एड्स दिवस |
| 11. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. हंसा-3 एनजी प्रशिक्षक विमान<br>2. अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## वुडन हैंडीक्राफ्ट कॉमन फैसिलिटी सेंटर : जोधपुर

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जोधपुर में नवनिर्मित 'वुडन हैंडीक्राफ्ट कॉमन फैसिलिटी सेंटर' का अवलोकन किया।




### मुख्य बिन्दु:

- **लागत :** ₹1800 लाख।
- **निर्माण :** केंद्र और राजस्थान सरकार द्वारा संयुक्त रूप से।
- यह केंद्र ऐसे कारीगरों और उद्यमियों को अत्याधुनिक संसाधन मुहैया करवाएगा जिनके पास भारी निवेश की क्षमता नहीं है।
- यह अत्याधुनिक केंद्र राजस्थान के प्रसिद्ध वुडन हैंडीक्राफ्ट उद्योग, विशेषकर फर्नीचर निर्माण क्षेत्र को आधुनिक तकनीक, उच्च उत्पादन दक्षता तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **नोट :** राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (RIPS) 2024 के तहत् निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा 25 प्रतिशत फ्रेट सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे निर्यात लागत में कमी आएगी और विदेशी बाजारों में राजस्थान के उत्पादों की माँग में वृद्धि होगी।
- ज्ञातव्य है कि वर्ल्ड क्राफ्ट काउंसिल (WCC) ने जयपुर को 'वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी' घोषित किया है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**राजस्थान हैंडीक्राफ्ट पॉलिसी, 2022**

- 27 अगस्त, 2022 को राजस्थान कैबिनेट ने 'राजस्थान हैंडीक्राफ्ट पॉलिसी 2022' को स्वीकृति प्रदान की।
- **उद्देश्य :** हैंडीक्राफ्ट सेक्टर का विकास करना और इस क्षेत्र में कार्यरत लगभग 6 लाख कारीगरों और दस्तकारों का सशक्तीकरण करना।
- इस नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु स्टेट इंडस्ट्रीज़ की अगुवाई में स्टेट-लेवल मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई है।

**मुख्य प्रावधान:**


- राज्य सरकार कारीगरों द्वारा लिए गए 3 लाख रुपये के लोन पर 100 प्रतिशत ब्याज वहन करेगी और हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम सेक्टर में काम करने वाले सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स को ग्रुप इंश्योरेंस देगी।
- हैंडलूम बुनकरों की को-ऑपरेटिव सोसाइटियाँ और कारीगर सोसाइटियाँ जो बिक्री के लिए परमानेंट मार्केटिंग सेंटर बना रही हैं, उन्हें कुल लागत का 50 प्रतिशत सरकारी मदद मिलेगी।
- कारीगरों को अपने प्रोडक्ट बेचने में मदद के लिए सरकार द्वारा एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। सरकारी विभागों द्वारा ई-मार्केट के माध्यम से पंजीकृत कारीगरों से बिना निविदा के 10 लाख रुपये तक के उत्पादों की खरीद का प्रावधान किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व एड्स दिवस : राज्यस्तरीय समारोह

## चर्चा में क्यों?

- विश्व एड्स दिवस (01 दिसंबर, 2025) के अवसर पर राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की ओर से हरिश्चन्द्र माथुर राज्य लोक प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- वर्ष 2025 की थीम : "ओवरकमिंग डिसरप्शन, ट्रांसफॉर्मिंग द एड्स रेस्पॉन्स"।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**HIV और एड्स :**

| बिन्दु | HIV | एड्स (AIDS) |
|---|---|---|
| पूरा नाम | ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस | अक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम |
| स्थिति का प्रकार | यह वायरस का नाम है जो शरीर को संक्रमित करता है। | यह एक सिंड्रोम (बीमारी की स्थिति) है, जो HIV संक्रमण के कारण होता है। |
| परिभाषा | यह वह कारक है जो प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करना शुरू करता है। | यह HIV संक्रमण की अंतिम और सबसे गंभीर अवस्था है। |
| संक्रमण | HIV से संक्रमित हर व्यक्ति को एड्स नहीं होता है। | यह केवल उन लोगों में होता है, जिन्हें पहले से ही HIV संक्रमण होता है और जिनका इलाज नहीं किया गया है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| निदान (Diagnosis) | इसका निदान रक्त परीक्षण (जैसे एंटीबॉडी टेस्ट) द्वारा किया जाता है जो वायरस की उपस्थिति की पुष्टि करता है। | इसका निदान तब होता है जब CD4 कोशिकाओं की संख्या एक निश्चित स्तर (200 से नीचे) से कम हो जाती है। |
| उपचार और प्रबंधन | एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (ART) से वायरस को नियंत्रित किया जा सकता है और व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। | HIV से संक्रमित व्यक्ति का समय से उपचार नहीं होने पर एड्स होता है तथा उपचार अप्रभावी होता है। |
| प्रतिरक्षा प्रणाली | प्रतिरक्षा प्रणाली धीरे-धीरे कमजोर होती है, लेकिन शुरुआत में अच्छी तरह से काम कर सकती है। | प्रतिरक्षा प्रणाली गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो जाती है, जिससे शरीर अन्य बीमारियों से लड़ने में असमर्थ हो जाता है। |

**सरकारी प्रयास :**

**नेशनल एड्स एंड एसटीडी कंट्रोल प्रोग्राम (NACP):-**

- एड्स की रोकथाम के लिए भारत सरकार का मुख्य कार्यक्रम 'नेशनल एड्स एंड एसटीडी कंट्रोल प्रोग्राम (NACP)' है।
- इस कार्यक्रम का वर्तमान में पाँचवाँ चरण संचालित किया जा रहा है, जो टारगेटेड इंटरवेंशन, मुफ़्त इलाज, अवेयरनेस कैंपेन और स्टिग्मा से लड़ने के लिए एक मजबूत लीगल फ्रेमवर्क पर फोकस करता है।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (NACO) मल्टी-सेक्टोरल नेशनल स्ट्रेटेजी को कोऑर्डिनेट करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 19वाँ कुंभलगढ़ महोत्सव : राजसमंद

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा 1 से 3 दिसंबर, 2025 तक 'कुंभलगढ़ महोत्सव' का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल :** कुंभलगढ़ किला, राजसमंद।
- **संस्करण :** 19वाँ।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित प्रमुख महोत्सव :-**

| क्रमांक | महोत्सव/अभियान का नाम | आयोजन अवधि | अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु |
|---|---|---|---|
| 1. | घूमर महोत्सव – प्रथम संस्करण | 19 नवंबर, 2025 | सभी 7 संभागों में आयोजन।<br>महोत्सव में 6100 से अधिक महिलाओं ने सामूहिक रूप से घूमर नृत्य किया, जिसने एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया। |
| 2. | मारवाड़ महोत्सव, जोधपुर | 6 से 7 अक्टूबर, 2025 | मारवाड़श्री – नरसिंह चौहान। |
| 3. | थार महोत्सव, बाड़मेर | 8–9 अक्टूबर, 2025 | कार्यक्रम की थीम : 'रंग रेगिस्तान के'।<br>थार कुमारी (2025) : नक्षत्री चौधरी।<br>थार श्री (2025) : धर्मेन्द्र डाबी। |
| 4. | पुष्कर मेला – 2025 | 30 अक्टूबर–5 नवंबर, 2025 | कार्तिक पूर्णिमा को मुख्य आयोजन।<br>वर्ष 2025 के मेले में अंतरराष्ट्रीय नगाड़ा वादक नाथूलाल सोलंकी एवं उनके दल द्वारा 101 नगाड़ों का वादन किया गया। |
| 5. | आभानेरी उत्सव – 2025 (दौसा) | 26 से 27 सितंबर, 2025 | आभानेरी या आभानगरी, राजस्थान के दौसा में स्थित एक प्राचीन गाँव (9वीं शताब्दी) है, जो अपने गुप्तोत्तर काल के प्रारंभिक मध्ययुगीन स्मारकों के लिए प्रसिद्ध है। |
| 6. | मरू महोत्सव – 2025 | 09 – 12 फरवरी, 2025 | मिस्टर डेजर्ट (मरू श्री) – धीरज पुरोहित (जैसलमेर)<br>मिस मूमल - कोमल सिद्ध (बीकानेर) |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# स्वदेश दर्शन योजना – 2.0 के तहत् राजस्थान को ₹180 करोड़

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत राजस्थान के 4 धार्मिक स्थलों के विकास के लिए ₹180 करोड़ की राशि स्वीकृत की।




## मुख्य बिन्दु:

### राजस्थान के चार धार्मिक स्थल:-

- **बूँदी :** केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव को बेहतर बनाने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने के लिए ₹21 करोड़ 65 लाख।
- **सीकर :** खाटू श्यामजी मंदिर के विकास कार्यों के लिए ₹87 करोड़ 87 लाख।
- **बीकानेर :** करणी माता मंदिर के विकास कार्यों के लिए ₹22 करोड़ 58 लाख।
- **भीलवाड़ा :** लोकदेवता देवनारायण जी की जन्म स्थली मालासेरी डूँगरी के विकास के लिए ₹48 करोड़ 43 लाख।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### स्वदेश दर्शन योजना:-

- **लॉन्च :** पर्यटन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2015 में।
- यह 100 प्रतिशत केन्द्र द्वारा वित्तपोषित योजना है।
- इस योजना के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों या केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- **स्वदेश दर्शन 2.0 :** पर्यटन मंत्रालय ने नीतिगत और संस्थागत सुधारों द्वारा समर्थित पर्यटन और संबद्ध बुनियादी ढाँचे, पर्यटन सेवाओं, मानव पूँजी विकास, गंतव्य प्रबंधन और संवर्धन को कवर करते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (SD2.0) के रूप में नया रूप दिया है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- भारत सरकार ने ऐतिहासिक पर्यटन केंद्रों के विकास और वैश्विक स्तर पर उनकी ब्रांडिंग व मार्केटिंग के उद्देश्य से 'पूँजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना' की शुरुआत की।
- इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 23 राज्यों में 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।
- योजना के अंतर्गत राजस्थान के आमेर और नाहरगढ़ किलों के विकास के लिए 49.31 करोड़ और जलमहल के विकास के लिए 96.61 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **महर्षि वेदव्यास पुरस्कार : गुलाब कोठारी**<br>■ वैदिक क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान और लेखन कार्य के लिए हाल ही में महर्षि वेद व्यास प्रतिष्ठान की ओर से पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी को 'महर्षि वेदव्यास पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।<br>■ आयोजन स्थल : पुणे (महाराष्ट्र)। |
| 2. | **SIR के तहत 100% डिजिटाइजेशन वाले राजस्थान के प्रथम 2 ज़िले**<br>■ राजस्थान में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 (SIR-2026) के तहत् गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन करने में बाड़मेर और सलूंबर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## हॉर्नबिल महोत्सव

### चर्चा में क्यों?

- नागालैंड के प्रसिद्ध हॉर्नबिल महोत्सव, जिसे "त्योहारों का महोत्सव" कहा जाता है, का 26वाँ संस्करण, राज्य के स्थापना दिवस (1 दिसंबर) के अवसर पर, कोहिमा के किसामा स्थित नागा हेरिटेज गाँव में शुरू हुआ।



### मुख्य बिन्दु:

**हॉर्नबिल महोत्सव**

- यह प्रति वर्ष दिसंबर के पहले सप्ताह में कोहिमा के पास किसामा में आयोजित किया जाता है और यह सभी नागा जनजातियों की जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुति है।
- इसकी परिकल्पना वर्ष 2000 में एकता को बढ़ावा देने और जातीय विरासत को संरक्षित करने के लिए की गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## यूनेस्को कार्यकारी बोर्ड

### चर्चा में क्यों?

- भारत को 2025-29 के कार्यकाल के लिए यूनेस्को कार्यकारी बोर्ड में पुनः चुना गया है।




### मुख्य बिन्दु:

**यूनेस्को कार्यकारी बोर्ड**

- यह संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के तीन संवैधानिक अंगों में से एक है (अन्य दो अंग हैं - महासम्मेलन और सचिवालय) और इसका चुनाव महासम्मेलन द्वारा किया जाता है।
- यह महासम्मेलन के प्राधिकार के अधीन कार्य करता है।
- इसमें 58 सदस्य देश शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक का कार्यकाल चार वर्ष का है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## भारत के परमाणु क्षेत्र में निजी क्षेत्र का प्रवेश

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार परमाणु क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोलने की दिशा में आगे बढ़ रही है।



### मुख्य बिन्दु:

#### भारत के परमाणु क्षेत्र

- परंपरागत रूप से, भारत में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का स्वामित्व और संचालन केवल राज्य के स्वामित्व वाली भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) और इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम (भाविनी) द्वारा किया जाता रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- निजी क्षेत्र की भागीदारी को अनुमति देने के लिए सरकार ने प्रमुख कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव दिया है:
  - परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962, परमाणु ऊर्जा विकास और विनियमन के लिए एक रूपरेखा।
  - परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010, परमाणु दुर्घटनाओं के लिए क्षतिपूर्ति तंत्र सुनिश्चित करता है।

### सरकारी कदम

- भारत ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) के विकास के लिए 20,000 करोड़ रुपये के अनुसंधान एवं विकास मिशन की घोषणा की थी।
  - भारत ने वर्ष 2033 तक कम से कम पाँच स्वदेशी रूप से विकसित रिएक्टरों की स्थापना का लक्ष्य भी रखा है।
- NPCIL और राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) ने देश में परमाणु ऊर्जा सुविधाएँ विकसित करने के लिए एक पूरक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
  - अश्विनी नामक संयुक्त उद्यम आगामी 4×700 मेगावाट पीएचडब्ल्यूआर माही-बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना सहित परमाणु विद्युत संयंत्रों का निर्माण, स्वामित्व और संचालन करेगा।


### परमाणु ऊर्जा क्या है?

| | |
|---|---|
| परमाणु ऊर्जा क्या है? | परमाणु विखंडन/संलयन के दौरान मुक्त ऊर्जा |
| मुख्य उपयोग | परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में बिजली उत्पादन |
| मुख्य प्रक्रिया | परमाणु विखंडन (यूरेनियम/प्लूटोनियम) |
| भारत की वर्तमान क्षमता | 8,180 मेगावाट |
| भविष्य का लक्ष्य (2047) | 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# Fusion vs fission

Nuclear reactions that produce massive amounts of energy, but have different processes




**Joins** 2 or more lighter atoms into a heavier one

**Splits** a larger atom into 2 or more smaller particles

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## अनुसूचित जनजाति (ST) का दर्जा

**चर्चा में क्यों?**

- असम के मंत्रियों के समूह (GoM) ने छह समुदायों को अनुसूचित जनजाति (ST) का दर्जा देने की सिफारिश की।

**मुख्य बिन्दु:**

- **छह समुदाय:** ताई अहोम, चाय जनजातियाँ या आदिवासी (टी ट्राइब्स), मोरान, मोटोक, चुटिया और कोच-राजबोंगशी।
- वर्तमान में ये समुदाय असम की अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) सूची में सूचीबद्ध हैं। ये असम राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 27% हैं।

**संविधान में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने से संबंधित प्रावधान**

- **अनुच्छेद 366(25):** इस अनुच्छेद के अनुसार अनुसूचित जनजातियाँ (ST) वे समुदाय हैं जिन्हें अनुच्छेद 342 के तहत् अधिसूचित किया गया है।
- **अनुच्छेद 342:** इस अनुच्छेद के अनुसार राष्ट्रपति को अनुसूचित जनजातियों की प्रारंभिक सूची अधिसूचित करने का अधिकार है। इस सूची में संशोधन संसद द्वारा कानून बनाकर किया जा सकता है।
- **अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल होने के लिए मानदंड:** संविधान में किसी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए कोई स्पष्ट मानदंड निर्धारित नहीं है।

**हालांकि, लोकुर समिति (1965) ने निम्नलिखित मानदंड सुझाए थे:**

- आदिम प्रकृति का अभिलक्षण
- विशिष्ट संस्कृति
- भौगोलिक रूप से अलग-थलग
- बाहरी लोगों से संपर्क रखने में संकोच
- पिछड़ापन



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## विश्व एड्स दिवस

### चर्चा में क्यों?

- विश्व एड्स दिवस हर वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है ।




### मुख्य बिन्दु:


- इसे पहली बार वर्ष 1988 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा चिह्नित किया गया था।
- **विषय वर्ष 2025:** व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन।

**एचआईवी एड्स**

- मानव इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) एक वायरस है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करता है।
  - o एचआईवी शरीर की श्वेत रक्त कोशिकाओं को निशाना बनाता है, जिससे प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर हो जाती है। इससे तपेदिक, संक्रमण और कुछ कैंसर जैसी बीमारियाँ आसानी से हो जाती हैं ।


उत्कर्ष Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम (एड्स) संक्रमण के सबसे उन्नत चरण में होता है।




### भारत में एचआईवी एड्स

- संक्रमण में 2010 में 0.33% से 2024 में 0.20% तक की गिरावट आई है ।
- भारत में यह दर वैश्विक औसत 0.7% से काफी कम है।
- भारत में नए संक्रमण वैश्विक कुल का केवल 5% है।

### राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी)

- यह पाँच चरणों में विकसित हुआ है , जिसमें बुनियादी जागरूकता से लेकर व्यापक रोकथाम, परीक्षण, उपचार और स्थिरता तक का विकास हुआ है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **एनएसीपी I (1992-1999):** यह भारत का पहला व्यापक एचआईवी/एड्स रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम था।
- **एनएसीपी II (1999-2006):** एचआईवी/एड्स से निपटने के लिए दीर्घकालिक राष्ट्रीय क्षमता को मजबूत करना।
- **एनएसीपी III (2007-2012):** वर्ष 2012 तक एचआईवी महामारी को रोकना और उलटना।
- **एनएसीपी IV (2012-2017):** नए संक्रमणों में 50% की कमी (2007 आधार रेखा की तुलना में)।
  - वर्ष 2030 तक एड्स को समाप्त करने के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए (2017-2021) बढ़ाया गया।
- **एनएसीपी V (2021-2026):** एक केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में शुरू की गई, इसका उद्देश्य पिछली उपलब्धियों को आगे बढ़ाना और लगातार चुनौतियों का समाधान करना है।
  - इस चरण का लक्ष्य, 2030 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुके एचआईवी/एड्स महामारी को समाप्त करने में मदद करके संयुक्त राष्ट्र के सतत् विकास लक्ष्य 3.3 का समर्थन करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **हंसा-3 एनजी प्रशिक्षक विमान**<br><br><br>▪ CSIR-राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला, बेंगलुरु ने स्वदेशी हंसा-3 (एनजी) प्रशिक्षक विमान का उत्पादन संस्करण लॉन्च किया।<br>▪ हंसा-3 भारत का स्वदेशी दो सीटों वाला प्रशिक्षण विमान है, जिसे CSIR-NAL द्वारा विकसित किया गया है। |
| 2. | **अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU)**<br>ITU International Telecommunication Union<br>▪ ITU का विश्व दूरसंचार विकास सम्मेलन (WTDC-25) बाकू में संपन्न हुआ। यह सम्मेलन प्रत्येक चार वर्षों में आयोजित किया जाता है। |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR